Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri

...वर्षा न होने की ...

...लन

...ो अंग्रेज़ी ...ो निन्दा

...बिल करने की मांग

...य कार्यसमितिकी बैठकमें ...िया जायगा ।

...ने बताया कि अधिवेशनमें ...प्रतिनिधियोंने भाग लिया । ...त्तामें प्रादेशिक अध्यक्ष श्री ... त्रिपाठी भी उपस्थित थे ।

...जगंज भीषण ...ाका चपेट में

हमारे संवाददाता से

...राजगंज (गोरखपुर), १५ ... । जिला इंदिरा कांग्रेस संघर्ष ... सदस्य एवं इंदिरा युवक कांग्रेस ... अध्यक्ष श्री माहि- ... अधिकारीने महाराजगंज ...

...है । आगामी कुछ दिनोंमें वर्षा न हुई अथवा सिचाईकी व्यवस्था नहीं की गयी तो क्षेत्रमें अकालकी स्थिति उत्पन्न हो जायगी तथा रबीकी बुआई भी नहीं हो पायेगी । नहरोंका पानी समान रूपसे पूरे क्षेत्रमें न वितरित होने, विद्युत आपूर्ति नियमित न होने तथा विद्युत आपूर्तिका निश्चित समय न होनेके कारण ग्रामीणोंके ... संकट उत्पन्न हो गया है । ग्रामीणोंका कहना है कि यह सही है कि इतना भयंकर सूखा अबतक नहीं पड़ा था, किंतु इतनी प्रशासनिक अव्यवस्था इसके पूर्व नहीं थी ।

चंदौली तहसीलकी मुख्य फसल धान है । सिंचाईका प्रमुख साधन नहर है । लतीफशाह से चन्दौली क्षेत्रसे होकर भदौरा (जमानिया, गाजीपुर) जानेवाली चन्दौली नहर का पानी नरवन परगनाके क्षेत्रोंतकके लिए भी पर्याप्त नहीं है । स्थान-स्थानपर नहर काटी जानेके कारण पानी नहरके अंतिम सिरेतक नहीं पहुंच पा रहा है । पानीके अभाव में हरी भरी फसल नष्ट हो रही है ।

चन्दौली क्षेत्रके ग्रामीणोंने बताया कि लवण्डा-झांसी ग्रामके पास काफी मात्रामें नहरका पानी क्षेत्रीय ग्रामीणोंने रोक लिया था जिसके कारण बड़वल, नमुनीपुर तथा नमुरी माइनर (नहरकी उपशाखा) में पानी नहीं पहुंच पा सका है । पुलिस, प्रशासनिक तथा सिंचाई विभागके कर्मचारियोंकी निष्क्रियताके कारण मनमाने ढंगसे पानीका वितरण हो रहा है । नहर काटनेके आरोपमें अबतक कोई गिरफ्तारी नहीं की गयी है । चमनीपुर माइनर सींचे जानेवाले बनौली, बिछिया, जमनीपुर फगुइया रायब ताल तथा जमुरी माइनरसे सिंचित मदधूपुर, पुरवा, धरीपुर, आदि ग्रामोंका तथा लीलापुर परातपुर बगहा आदि क्षेत्रोंका 'आज' प्रतिनिधिने निरीक्षण किया । इन ग्रामोंमें अधिकांश फसल नष्ट हो चुकी है । ऊंचाईपर स्थित भूमि (पलिहर) की फसल पूरी तरह सूख गयी है जबकि निचले इलाके (खंदा) की फसल वर्षा होने पर बच सकती है । विशेष रूपसे रायल ताल क्षेत्रमें कई हजार एकड़तककी फसल बच सकता है ।

बनौली खुर्द ग्रामके ग्राम प्रधान श्री बच्चन सिंहने बताया कि पानीके सही वितरण, विद्युतकी सुचारु आपूर्तिसे फसलकी कुछ रक्षा हो सकती है । उन्होंने बताया कि इससे पूर्व सूखाके समय नहरके किनारे पुलिसकी व्यापक गश्त होती थी । इस वर्ष ऐसा नहीं ...

... गत वर्षोंमें ऐसी व्यवस्था की गयी ... आपूर्तिकी अनिश्चितता तथा ... समयतक बिजली न मिल ... सिचाईमें असुविधा हो रही है । ... से खेतके कुछ हिस्सोंमें ही पानी ... कि इसी बीच बिजली गायब हो ... बिजली आनेतक पानी सूख ... नहीं हो पाती । पानी एवं बिजली ... नहीं मिल पाता । किसान हताश ...

एकड़ तकके काश्तकारोंकी ... की है जबकि सूखा से ... प्रभावित है ... है । अतः बड़े-छोटेका प्रश्न नहीं ... सरकारको पूरे तौरपर वसूली स्थगित ... चाहिये । क्षेत्रके कई ग्रामोंमें ग्रामीण ... बुआईकी तैयारी करना चाहते हैं ... सूखी होनेके कारण हल चलाना ... हो पा रहा है ।

डीजलकी कमी तथा डीजल ... कारण कृषक त्रस्त हैं । किसानोंने ... पेट्रोल पंपवाले ट्रैक्टरोंको डीजल ... में नहीं देते । डीजल देनेमें आना- ... है । बस, ट्रकवालोंको आसानी ... मिल जाता है । क्योंकि वे पेट्रोल ... मित ग्राहक हैं ।

ग्रामीण क्षेत्रके लोगोंकी ... हो रही है । एक तो सूखा दूसरी ... वृद्धिसे ग्रामीण त्रस्त हैं । ग्राम ... वर्ग बेरोजगार है । टेस्ट वर्कमें ... न मिलनेके कारण मजदूर, ... कम रुचि ले रहे हैं । दूसरी ओर ... काम करनेपर उन्हें नकद रुपयेकी ... के कारण ग्रामीण क्षेत्रसे लोग ... आ रहे हैं । नकद रुपयेसे वे अपनी ... सामग्री खरीद सकते हैं ।

चंदौली तहसीलमें सकलडीहा ... बाद, चहनिया, बरहनी, धानापुर ... स्थिर ज्यादा खराब है । ... पशुओंका चारा समाप्त हो गया ... फसल मक्का, बाजरा, ज्वार, ... सनई आदि ९० प्रतिशत नष्ट हो ...

स्टेनलेस

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

...में डीजल पेट्रोल की कमी

...के विभिन्न क्षेत्रोंमें डीजल; ...तथा मिट्टीके तेलकी कमी हो ...है ।

...लसराय, अलीनगर, चन्दौली, ...जा तथा नौबतपुर, पड़ाव ...स्थित पेट्रोल पम्पोंपर डीजल ...ट्रोलके अभावमें काफी संख्यामें ...भिन्न स्थानोंपर खड़ी है । ...के किनारे ट्रकोंके खड़ी रहनेसे ... जी० टी० रोडपर कई बार ...ात अवरुद्ध हो जाता है। जिसके ...मस्वरूप मुगलसरायसे ट्रेन ...वाले यात्रियोंको काफी परे- ...उठानी पड़ती है ।

...ासी क्षेत्रोंमें पुलिस ...यी नहीं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शिक्षाविभाग भारत सरकार से पुरस्कृत

॥ श्रीः ॥

सामवेदीयरुद्रजपविधिः

पदपाठ-संहिता-हिन्दी-अंग्रेजी-अनुवादोपेतः

संग्रहकर्ता :-

आहिताग्नि श्री पं० यमुनाप्रसाद त्रिपाठी आई. पी. एस.

सम्पादकः-

आचार्य श्री पं० ऋषिशङ्कर अग्निहोत्री

(अध्यापक, जो० म० गोयनका संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

ई० १९६३] [वि० सं० २०२०

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रकाशक:-
सनातनधर्म संस्कृत महाविद्यालय
मेंहदावल, जि० बस्ती (उ० प्र०)
१९६३

(पुनर्मुद्रणादिकाः सर्वेऽधिकाराः सम्पादकाधीनाः)

मूल्य ४-००

मुद्रक:—
विद्याविलास प्रेस, वाराणसी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

"With the financial assistance of the Ministry of Education, Govt. of India"

THE

SĀMAVEDĪYARUDRAJAPAVIDHI

WITH

PADAPĀTHA-SAMHITĀ, HINDI-ENGLISH TRANSLATIONS

Compiler :-

Āhitagni S'rī Pandit Yamuna Prasad Tripathi
I. P. S.

Editor :-

Āchārya S'rī Pandit Rishishankar Agnihotri
(Adhyāpaka J. M. Goenkā Mahāvidyālaya, Varanasi.)

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
जहांगीराबाद २०२३९४
बुलन्दशहर (उ०प्र०)

THE CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

Post Box 69, Varanasi-1 (India) Phone : 3076

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
जहांगीराबाद २०२३६४
बुलन्दशहर (उ०प्र०)

प्राक्कथन

ग्रन्थ-परिचय

इस ग्रन्थ में संग्रहकर्ता ने स्वयं कुछ नहीं लिखा है। अनेक सामवेदीय ग्रन्थों से—जो संस्कृत, हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषाओं में हैं—मंत्र, गायन व अर्थ हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषाओं में संग्रह करके एक जगह कर दिया गया है। पदपाठ आचार्य श्री पंडित ऋषिशंकर त्रिपाठी अग्निहोत्री की कृपा से इस ग्रन्थ में आ सका है। इस संग्रह का प्रयोजन यह है कि जो महानुभाव सामवेद की रुद्री का अध्ययन करना चाहते हैं उनको सब सामग्री एक ही स्थान पर मिल जाय। भूमिका में जो महत्त्वपूर्ण बातें लिखी गयी हैं वे श्री पंडित ऋषिशंकर त्रिपाठी अग्निहोत्री सामवेदाचार्य व स्वर्गीय पंडित तेजोनारायण जी पाण्डेय शास्त्री की कृपा से प्राप्त हुई हैं। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान व उसमें अभिरुचि रखनेवाले जो महानुभाव वेदों के प्रति भी आस्था रखते हों तथा वेद-प्रतिपादित विषयों की जानकारी प्राप्त कर उससे लाभान्वित होना चाहते हों उनके लिये प्रामाणिक अंग्रेजी अनुवाद भी यथाक्रम उपन्यस्त कर दिया गया है। आशा है पाठकों को अवश्य सन्तुष्टि होगी।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

संग्रहकर्ता का परिचय

प्रस्तुत ग्रन्थ के संग्रहकर्ता आहिताग्नि श्री पंडित यमुनाप्रसाद जी त्रिपाठी आई० पी० एस० का जन्म १६०६ ई० में बाँदा जिले के मरका गाँव में हुआ। त्रिपाठी जी के पिता पंडित शिवशंकर लाल जी त्रिपाठी मरका में थानेदार थे। उस समय उर्दू व अंग्रेजी का प्रचलन होने से श्री त्रिपाठी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू व फारसी भाषाओं में हुई। सन् १६२७ ई० में प्रयाग विश्वविद्यालय से बी० ए० की परीक्षा पास करके आप सन् १६३० ई० में पुलिस-सबइन्स्पेक्टर हो गये और फैजाबाद, देहरादून, आजमगढ़, मुरादाबाद, वाराणसी तथा लखनऊ में काम करते हुए अगस्त सन् १६६२ में रिटायर्ड हो गये। इधर चीन के आक्रमण के प्रसंग में पुनः उत्तरप्रदेश सरकार ने आपको पुलिस के गुप्तचर विभाग की सुरक्षा-शाखा का काम देखने के लिये नियुक्त कर दिया है।

त्रिपाठी जी कौथुमीशाखीय, सामवेदी, सरया तिवारी, सरयूपारीण ब्राह्मण हैं। आपके प्रपितामह को प्रतापगढ़ के एक धार्मिक क्षत्रिय यज्ञ का आचार्य बनाने के लिये गोरखपुर जिले के सरया ग्राम से ले गये और वे यज्ञ के पश्चात् प्रतापगढ़ जिले के अझारा ग्राम में रहने लगे। उनकी सन्तानें प्रतापगढ़ जिले की कुंडा तहसील के कई ग्रामों में बस गई हैं। श्री त्रिपाठी जी का निवासस्थान ग्राम महेवा मलकिया, जिला प्रतापगढ़ है। आपके पूर्वज सामवेद और ज्योतिष शास्त्र के धुरन्धर विद्वान् थे। आपके चचेरे पितामह आचार्य श्री पंडित कौशिल्यानन्द तिवारी और चचा श्री पंडित सीताराम त्रिपाठी शास्त्री संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वानों में थे। त्रिपाठी जी के श्वशुर स्वर्गीय श्री पंडित श्यामसुन्दर ब्रह्मचारी जी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

संस्कृत व्याकरण के अद्वितीय विद्वान् थे। उनको सम्पूर्ण महाभाष्य कण्ठ था। उनके पढ़ाये हुये बहुत से पंडित प्रयाग में हैं।

आहिताग्नि श्री पंडित यमुनाप्रसाद त्रिपाठी जी ने पुलिस विभाग में सराहनीय काम किया है। डाकुओं से मुकाबिला करके उनको पकड़ने के उपलक्ष्य में दो, और सराहनीय सेवाओं के लिये एक वीरता-पदक सरकार से आपको प्राप्त हैं। सन् १९४७ ई० से १९५१ ई० तक आप सीनियर सुपरिण्टेण्डेण्ट पुलिस रहे। फिर सन् १९६२ तक तथा उत्तरप्रदेश पुलिस के गुप्तचर विभाग की सुरक्षा शाखा के अधीक्षक के रूप में देश की सेवा करते रहे। इस विभाग में आपकी सेवायें विशेष रूप से सराहनीय थीं। आपके स्थिर-गम्भीर व्यक्तित्व एवं प्रतिभा का इससे सहज ही अनुमान हो सकता है। पुलिस विभाग में सफल कार्यकारिता तथा वेदों के सफल स्वाध्याय की एकाधिकरणता के सम्भवतः आप ही एक उदाहरण हैं। आपके पाँच भाग्यवान् पुत्र और पाँच पुत्रियाँ हैं। आपके सबसे बड़े लड़के श्री दुर्गाप्रसाद त्रिपाठी प्रयाग में नायब तहसीलदार हैं, उनसे छोटे डाक्टर सुरेन्द्रप्रसाद त्रिपाठी उत्तरप्रदेश सरकार के मेडिकल विभाग में चिकित्सक हैं। आपके तीसरे लड़के कैप्टेन जगदीशप्रसाद त्रिपाठी भारत सरकार की फौज में कप्तान हैं। दो लड़के अभी शिक्षा पा रहे हैं। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती शान्ता देवी भी सज्जनता और धर्म की मूर्ति हैं।

सन् १९५२ ई० में श्री त्रिपाठी जी का परिचय श्री सत्यदेव ब्रह्मचारी जी से हुआ। श्री सत्यदेव ब्रह्मचारी जी सावर्ण गोत्रीय, कौथुमी शाखी, सामवेदी, इटार पाण्डे हैं। श्री ब्रह्मचारी जी को बाल्यकाल से ही साधु-महात्माओं की सेवा, परोपकार और योगाभ्यास की लगन थी। १९३९ ई० में अपने सुखी, सम्पन्न परिवार व गृह को त्याग कर आप श्री १०८ स्वामी सालिग्राम दास जी, अधिष्ठाता पयोहारी आश्रम, उसका बाजार, की शरण में गये और उसी समय से तपस्यामय जीवन व्यतीत करने लगे। जनता व दीन-दुखियों की सेवा करना आपके जीवन का एकमात्र लक्ष्य है। आपने कई स्कूल, पाठशाला व अस्पताल आदि स्थापित करके उनके सुचारु रूप से संचालन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

करने का प्रबन्ध किया है। लोक-कल्याणार्थ आपने कई यज्ञों का आयोजन कराया है। श्री अरविन्द आश्रम, पाण्डेचेरी से आपका घनिष्ठ सम्बन्ध है। आप सर्वदा जनता की सेवा के लिये ही भ्रमण किया करते हैं। आपने देश और जनता की सराहनीय सेवा की है। आपका हेड क्वाटर डाक्टर श्री कमलादत्त त्रिपाठी के यहाँ रहता है जिनकी प्रतिष्ठा और कीर्ति बस्ती जिले में विख्यात है।

त्रिपाठी जी ने ब्रह्मचारी जी से जब एक योग्य सामवेदी से परिचय कराने की प्रार्थना की तो ब्रह्मचारी जी ने काशी निवासी आचार्य श्री पंडित ऋषिशङ्कर त्रिपाठी अग्निहोत्री से परिचय कराया जिन्होंने लखनऊ पधार कर त्रिपाठी जी को सामवेद पढ़ाया। सन् १९५९ ई० में भरथना (जिला इटावा) में विष्णु महायज्ञ के आयोजन की प्रेरणा श्री सत्यदेव ब्रह्मचारी जी ने ही श्री कृष्णकुमार गोयल डिप्टी कलेक्टर प्रयाग (जो उस समय भरथना में तहसीलदार थे) को दी थी। इस यज्ञ के यजमान सपत्नीक श्री त्रिपाठी जी थे और यज्ञ के आचार्य श्री पंडित ऋषिशङ्कर त्रिपाठी अग्निहोत्री थे।

इस ग्रन्थ के छपवाने का मुख्य श्रेय श्री सत्यदेव ब्रह्मचारीजी को ही है।

कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा, सं० २०१९
११ नवम्बर, सन् १९६२ ई०

ऋषिशङ्कर त्रिपाठी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



श्री १०८ स्वामी सालिग्रामदास जी

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
ज[illegible] २ २३६४
ब[illegible] (उ [illegible])

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



श्री पं० ऋषिशङ्कर अग्निहोत्री (चातुर्मास्ययाजी)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री कृष्णकुमार गोयल डिप्टी कलेक्टर

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



आहिताग्नि पं० यमुनाप्रसाद जी त्रिपाठी आई. पी. एस.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समर्पण

स्वर्गीय श्री पं० तेजोनारायण पाण्डेय जी शास्त्री

की

पुण्य स्मृति

में

सादर समर्पित

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भूमिका

सृष्टि के प्रारंभ में परमेश्वर ने वेद का उपदेश मनुष्य-जीवन को सफल बनाने के लिये अग्नि, वायु तथा सूर्य के द्वारा किया था। उस समय सब लोग मन्त्रों की पवित्रता स्थिर रखने के लिये गुरु परम्परा द्वारा कण्ठस्थ करके अपनी आत्मा, अन्तःकरण, मन और बुद्धि को पवित्र किया करते थे। धीरे-धीरे सृष्टि, क्रमानुसार, ह्रास को प्राप्त होती चली गई और इस ह्रास का प्रभाव मनुष्यों पर भी पड़ा, उनकी स्मरण शक्ति तथा बुद्धि कम होती गई। ऐसी दशा देख कर महर्षि वेदव्यास ने वेदों को विभाजित कर दिया तथा अन्य ऋषियों ने वेदों की शाखा प्रशाखायें कर दीं जिनको कि ब्राह्मणों में बांट दिया गया और प्रत्येक ब्राह्मण अपनी अपनी शाखाओं को कण्ठस्थ करके उनकी रक्षा में तत्पर हो गया। ब्राह्मण लोग जब और भी संसार के बन्धनों में पड़ गये, तब हमारे पूर्वजों ने प्रत्येक वेद की रुद्राष्टाध्यायी लिख कर यज्ञोपवीत के समय ब्रह्मचारी को कण्ठस्थ कराने की प्रथा जारी की।

वेदों में तीन प्रकार के मन्त्र पाये जाते हैं—ऋक्, यजु और साम। ऋक् मन्त्र वे कहलाते हैं जिनकी व्यवस्था छन्दःशास्त्र के अनुसार पाद व्यवस्था और वर्ण व्यवस्था पर निर्भर रहती है। यजुः वे मन्त्र कहलाते हैं जो कि गद्यात्मक विभागों में विभक्त होते हैं और उन गद्यभागों का प्रयोग (विनियोग) कर्मकाण्ड में होता है।

साम का अर्थ

साम—ऋचाओं पर गाया जाता है। साम शब्द (सा + आम) इन दो शब्दों से बना है। सा (वह ऋचा) आम (स्वर) अर्थात् स्वरों पर जो ऋचा गाई जाती है वह साम कहलाती है।

मंगल—ऋक् ज्ञानकाण्ड, यजुः कर्मकाण्ड और साम उपासना काण्ड है। सामवेद में वे ही उपासना के मन्त्र हैं, जिनका गायन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ऋषियों ने किया है। छान्दोग्य उपनिषद् में लिखा है कि 'ऋच्यधूढं साम गीयते' अर्थात् ऋचा के ऊपर साम-गान किया जाता है, बिना ऋचा के साम-गान नहीं हो सकता, यह बृहदारण्यक उपनिषद् में लिखा है—'सा च अमश्चेति तत् साम्नः सामत्वम्' बृ० १।३।२२।

साम संहिता के भेद:—साम संहिता दो प्रकार की होती है—एक छन्दः संहिता और दूसरी गान संहिता। छन्दः संहिता में गायत्री, अनुष्टुब्, त्रिष्टुब्, जगती, बृहती आदि छन्दों में ऋचायें लिखी होती हैं। इन सब छन्दों के लक्षण पिङ्गल सूत्र में महर्षि पिङ्गलाचार्य ने स्पष्ट किये हैं। इस छन्दः संहिता के मन्त्रों के ऊपर उदात्तादि वर्णों का संकेत १।२।३। लिख कर दिया जाता है, जैसा कि ऋग्वेद में केवल लकीर खींच कर दिया जाता है। यह स्वर तीन हैं—उदात्त, अनुदात्त और स्वरित। ऋग्वेद में उदात्त का चिह्न कुछ नहीं अर्थात् अनुदात्त तथा स्वरित चिह्नों के अतिरिक्त जो वर्ण है वही उदात्त है। ऐसा समझना चाहिये। अनुदात्त का चिह्न अक्षर के नीचे एक आड़ी लकीर (अग्न॒) और स्वरित का चिह्न अक्षर के ऊपर खड़ी लकीर (आ या॑हि) होता है। इसी प्रकार सामवेद में उदात्त का चिह्न (१) अङ्क है (आ॒ या हि), सामवेद में स्वरित का चिह्न (२) का अङ्क है (आ या॑ हि) और अनुदात्त दिखाने के लिये सामवेद में (३) का अङ्क लिखा जाता है (वी॑ त ये)।

नीचे ऋक् और साम का प्रथम मन्त्र उदात्तादि ज्ञान के लिए दिया जाता है—

ऋग्वेद—ॐ अग्न॒ आया॑हि वी॒तये॑ गृणा॒नो ह॒व्य दा॑तये।
निहोता॑ सत्सि ब॒र्हिषि ॥ ऋग्वेद० ६। १६। १०।

२ ३ १ २ ३ १ २ ३ ३ १ २
सामवेद—अग्न आयाहि वीतये गृणानो हव्य दातये।
१ २र ३ १ २
निहोता सत्सि बर्हिषि ॥ साम० १।१।१।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

साम में एक विशेषता और होती है—वह यह कि कहीं कहीं वर्णों के ऊपर (र) (क) और (उ) लिखा होता है—

(क) इन का रहस्य यह है कि—जब दो उदात्त इकट्ठे हो जाते हैं और तीसरा उनके आगे स्वरित आ जाता है तब—प्रथम उदात्त वर्ण पर (१) का अङ्क लगा दिया जाता है। तीसरे स्वरित वर्ण पर (रकार

१ २र
सहित २) का अङ्क लगाया जाता है। जैसे (नि हो ता)।

(ख) अनुदात्त वर्ण से परे यदि स्वरित हो तो उस पर भी (२ र) लगाया जाता है। परन्तु उस स्वरित वर्ण से पूर्व अनुदात्त पर (३ क)

३क २र
यह चिह्न लगाया जाता है। जैसे (त न्वा) सा० ५२।

(ग) जब दो उदात्त इकट्ठे हों और उनके आगे यदि अनुदात्त वर्ण हो तब प्रथम उदात्त पर (२ ३) का चिह्न लगता है और दूसरा उदात्त वर्ण चिह्न रहित रहता है। इस प्रकार (र, क, उ) का स्वर न्यास तथा छन्दःसंहिता का वर्णन समाप्त होता है।

अब गान संहिता के बारे में लिखते हैं—

गानसंहिता—साम गान ऋचाओं पर होता है यह पहले कह चुके हैं—उन उन ऋचाओं के गान, अनेक प्रकार से, अनेक ऋषियों ने किए हैं। जो गान जिस ऋषि ने किया है वह उसी ऋषि के नाम से प्रसिद्ध है। जैसे गायत्री मन्त्र का गान तवश्याव ऋषि ने किया है उसका नाम तवश्यावीय है, इत्यादि अनेक गान हैं जो कि संहिताओं में छपे हैं।

गान में स्वर—आठ विकार होते हैं जो कि गान में आते हैं।

विकार:—ऋचाओं का जब साम गान किया जाता है तब उस गान में आठ तरह के विकार किये जाते हैं। ये विकार अक्षरों में होते हैं। इनके नाम निम्नलिखित हैं और इनके उदाहरण भी नीचे दिये जाते हैं।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

१ विकार :—एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण का प्रयोग जैसे अग्निम् की जगह । ओग्नाई ।

२ विश्लेष :—सन्धि विच्छेद करना जैसे (वीतये) की जगह (वो इ तो या ऽ २ इ)

३ विकर्षण :—(लंबा खींचना) जैसे (ये) की जगह = (तो या ऽ २ इ)

४ अभ्यास :—(बार बार पढ़ना) जैसे (तो$_2$ यायि, तो$_2$ यायि)

५ विराम :—(एक पद के मध्य में रुक जाना) जैसे (गृणानो हव्यदातये) की जगह (गृणानोह । व्यदातये)

६ स्तोभ :—निरर्थक कुछ वर्ण गान की सुन्दरता के लिए बढ़ा दिये जाते हैं जैसे—औहोवा, हाउ ।

७ आगम :—शब्द के अन्दर वर्णान्तर का प्रवेश करना जैसे (वरेण्यम्) की जगह (वरेणियोम्)

८ लोप :—मन्त्र के किसी वर्ण को न बोलना जैसे (प्रचोदयात्) की जगह प्र चो १ २ ऽ १ २ । हुंम् आ २ दायो आ ३ ४ ५ ।

स्वर, ग्राम, मूर्छना = नारदीय शिक्षा में स्वरों के सम्बन्ध में लिखा है—

सप्त स्वरास्त्रयो ग्रामाः मूर्छनास्त्वेकविंशतिः ।
ताना एकोनपंचाशत् इत्येतत्स्वरमण्डलम् ॥ ४ ॥ प्र० द्वि० कं०
षड्जश्च ऋषभश्चैव गान्धारो मध्यमस्तथा ।
पञ्चमो धैवतश्चैव निषादः सप्तमः स्वराः ॥ ५ ॥

स्वर :—सात स्वर हैं । तीन ग्राम होते हैं । इक्कीस मूर्छनायें होती हैं ।

स्वरों के नाम—षड्ज ऋषभ गान्धार मध्यम पञ्चम धैवत निषाद
सा रे ग म प ध नि ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ग्राम—षड्जग्राम, मध्यमग्राम और गान्धारग्राम। षड्जग्राम की उत्पत्ति भूलोक से, मध्यमग्राम की उत्पत्ति भुवः-लोक से, गान्धार ग्राम की उत्पत्ति स्वर्ग लोक से।

मूर्छना—षड्जग्राम में १४ मूर्छनायें होती हैं, मध्यम ग्राम में २० मूर्छनायें होती हैं तथा गान्धार ग्राम में १५ मूर्छनायें होती हैं।

गान के गुण:—गान के दश गुण होते हैं, वे ये हैं—रक्त, पूर्ण, अलङ्कृत, प्रसन्न, व्यक्त, विक्रुष्ट, श्लक्ष्ण, सम, सुकुमार और मधुर।

रक्त—जब वीणा, वेणु और गवैये का स्वर एक में मिल जाता है तब रक्त गुण होता है।

पूर्ण—जब मध्यमादि स्वर, स्वरों की श्रुति, छन्द, पाद के अक्षर पूरे होकर स्पष्ट रूप से बोले जाते हैं तब पूर्ण गुण होते हैं।

अलङ्कृत—जब कण्ठ से युक्त वाणी को नीचे हृदय में रखकर मूर्धा में जोर देकर गाते हैं तब अलंकृत गुण होता है।

प्रसन्न—प्रसन्न गुण वह होता है जिसमें कण्ठ के दबाने से गद्गद न होने का स्पष्ट ज्ञान होता है।

व्यक्त—जिसमें प्रकृति, प्रत्यय, लोप, आगम, वर्णविकार का ज्ञान होता रहता है, वह व्यक्त गुण कहलाता है।

विक्रुष्ट—जो जोर से बोला जाय, पद और पद के अक्षर व्यक्त हों, वह विक्रुष्ट गुण है।

श्लक्ष्ण—जिसमें न जल्दी न देर से, उदात्त, अनुदात्त, स्वरित स्वर और हेला (दो तीन बार पदों को दुहराना) हो, वह श्लक्ष्ण गुण है।

सम—वह गुण है जिसमें गला दबाकर अव्यक्त वर्णों का मृदुतापूर्वक उच्चारण किया जाय।

सुकुमार—जिसमें कोमल प्रहृष्ट मुख से पद और अक्षरों के गुणों से परिपूर्ण, सुखकर गान हो, वह सुकुमार गुण है।

मधुर—जिसमें स्वभाव से ही ललित पद, अक्षर और गुणों की समृद्धि हो, वह मधुर गुण है। इन दशों गुणों वाला गान कहलाता है। इनसे विपरीत दूषित गान होता है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्वरबोधक तालिका

संख्या	स्वर का नाम	स्वर बोधक वर्ण	स्वर से तृप्ति	स्वरों के रंग	स्वरों के वर्ण	स्वर कहां से आया है	स्वरों के उत्पत्ति स्थान	किस देवता नेगाया	स्वरों के देवता	विशेष
१	षड्ज	सा	देवों की	कमल के फूल का	ब्राह्मण	मोर से	कण्ठ	अग्नि	ब्रह्मा	षड्ज का उच्चारण ६ स्थानों से होता है अतः षड्ज कहलाता है। नासिका, कण्ठ, तालु, हृदय, जिह्वा, दन्त ये ६ स्थान हैं।
२	ऋषभ	रे	ऋषियों की	तोते के पंख का	क्षत्रिय	गौ से	शिर	ब्रह्मा	अग्नि	नाभि से उठा वायु कंठ और शिर में टक्कर लेता है। बैल की तरह शब्द होने के कारण ऋषभ कहलाता है।
३	गान्धार	ग	पितरों की	सुवर्ण का	आ. वै. आ. शू.	भेंड़े बकरी से	अनुनासिक	सोम	गौ	नाभि से उठा वायु कण्ठ और शिर में टक्कर लेकर जब नासिका के द्वारा प्रकट होता है तब गांधार कहलाता है।
४	मध्यम	म	गन्धर्वों की	कुन्द के फूल का	ब्राह्मण	क्रौंच से	हृदय	विष्णु	ब्रह्मा	नाभि से उठा हुआ वायु हृदय में लग कर फिर नाभि को प्राप्त कर जो नाद करता है वह मध्यम कहलाता है।
५	पंचम	प	देव, पितर, ऋषियों की	काला	ब्राह्मण	कोयल से	गला और हृदय	नारद	सोम	नाभि से उठा हुआ वायु उर और हृदय तथा कण्ठ और शिर में टकराने के कारण पंचम कहलाता है (यह पाँच स्थानों से निकलता है)।
६	धैवत	ध	यक्षों की	पीला	क्षत्रिय	अश्व से	मस्तक	तुम्बुरु	आदित्य	
७	निषाद	नि	भूत समुदाय की	सतरंगा	आ. वै. आ. शू.	हाथी से	सब सन्धियों से	तुम्बुरु	आदित्य	

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रुद्राध्याय पाठ करने की विधि

पाठ करने वालों को अपना शरीर वीणा समझना चाहिए। जैसे गायक सितार पर गाना गाते हैं उसी प्रकार सामगान करने वालों का शरीर ही वीणा का काम करता है। इसमें स्वरों का बोध अंगुलियां और अंगूठे कराते हैं।

पूर्व की तरफ या उत्तर की तरफ मुख करके पद्मासन से शुद्ध कुशासन पर मृगछाला या ऊनी आसन बिछा कर बैठे और दोनों हाथों को अपने घुटनों पर रख लेवे।

पहिले ॐ का उच्चारण करके व्याहृतियों का उच्चारण करे (भूः भुवः स्वः ये व्याहृतियां हैं)। फिर गायत्री मन्त्र का उच्चारण करे। तब हाथ को गौ के कर्ण की तरह खोल कर रखे। वर्णों का उच्चारण हाथ और मुख दोनों से करना चाहिए और जिस प्रकार वर्णों का प्रारंभ करे उसी प्रकार उनकी समाप्ति करे।

साम गान में दोनों हाथों द्वारा स्वर लिये जाते हैं। दाहिना हाथ षड्ज आदि स्वरों के प्रयोग में काम आता है और बायां हाथ उदात्तादि स्वर के, जो मन्त्र के ऊपर चिह्न लगे रहते हैं, उनके प्रयोग में काम आता है। बांये हाथ की अंगुलियों का प्रयोग कम होता है। दाहिने हाथ की अंगुलियों का अधिक होता है। दाहिने हाथ के अंगूठे से—अंगुलियों के मध्य पर्व का स्पर्श करे। एक से लगाकर दस तक स्वरों के चिह्न साम गान में होते हैं। उन स्वरों को हाथ की अंगुलियों तथा अंगूठे से लेने का प्रकार नीचे दिया जाता है। इन दशों स्वरों के नाम तथा चिह्न नीचे दिये हुए हैं।

इसमें प्रमाण नारदीय शिक्षा का यह है—

अंगुष्ठस्योत्तमे क्रुष्टो ह्यङ्गुष्ठे प्रथमः स्वरः।
प्रदेशिन्यां तु गान्धारः ऋषभस्तदनन्तरम् ॥ १ ॥
अनामिकायां षड्जस्तु कनिष्ठिकायां च धैवतः।
तस्याधस्ताच्च योन्यास्तु निषदं तत्र विन्यसेत् ॥ २ ॥
अपर्वत्वादसंज्ञत्वादव्ययत्वाच्च नित्यशः।
मन्द्रो नहि भूतस्तु परिस्वार इति स्मृतः ॥ ३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्वर बोधक चिह्न

१ क्रुष्ट

२ गान्धार

३ ऋषभ



४ षड्ज

५ धैवत

६ निषाद



७ अभिगीत



८ विनत



९ प्रणत

१० उत्स्वरित

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्वर-संख्या	मन्त्रपाठ-चिह्न	हाथों में अंगुलि-निवेश
	।१।	अंगूठा उठा रहे और दाहिना हाथ खुला गौ के कान की तरह रहे।
	।२।	तर्जनी अंगुली की मध्य रेखा पर अंगूठा रहे।
	।३।	मध्यमा अंगुली की मध्य रेखा पर अंगूठा रहे।
	।४।	अनामिका अंगुली की मध्य रेखा पर अंगूठा रहे।
	।५।	कनिष्ठिका अंगुली की मध्य रेखा पर अंगूठा रहे।
	।६।	कनिष्ठिका अंगुली की मूल रेखा पर अंगूठा रहे।
	।७।	तर्जनी के नीचे से अंगूठे को ऊपर उठाना (जैसे रुपया बजाया जाता है)।
	२	अंगूठे को तर्जनी से कनिष्ठिका तक सब अंगुलिओं की मध्य रेखा पर घुमाना।
	विर ९	तर्जनी मूल से उसके अग्र भाग तक अंगूठा चलाना और ऊपर रोक देना।
	$\frac{१}{२}$ $\frac{१}{३}$ $\frac{१}{४}$ $\frac{१}{५}$	तर्जनी के ऊपर से अंगूठे को घुमाते हुए कनिष्ठिका तक ले आना।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नोट— जब दो, तीन, चार, पाँच या जो संख्या केवल लिखी रहती है तब गान्धार, ऋषभ, षड्ज, धैवत सब स्वरों पर अंगूठा रखा जाता है जैसे (ओ २ ३ ४ ५ ई डा । ३ ।)

वाम हस्त का प्रयोग

वाम हस्त का प्रयोग मन्त्रों के ऊपरी भाग पर लिखे हुए उदात्तादि चिह्न १ । २ । ३ के साथ आये हुए (र) के साथ होता है । प्रथम (र) पर कनिष्ठिका अंगुली मोड़ कर हाथ की गद्दी पर लगती है । दूसरे (र) पर अनामिका । तीसरे (र) पर मध्यमा । चौथे (र) पर तर्जनी । और पंचम (र) पर अंगूठा तर्जनी पर लग कर मुठ्ठी बंद हो जाती है और फिर खोल कर मुठ्ठी पूर्वोक्त क्रम से पुनः बन्द हो जाती है । इस प्रकार (रेफ) का प्रभाव उच्चारण पर पड़ता जाता है ।

नोट— जहाँ (२ ऽ) या (२̂) ऐसा चिह्न हो वहाँ गान्धार स्वर होता है और दीर्घ उच्चारण होता है ।

जहाँ ॥ ३ ॥ या (त्रिः) लिखा हो उस शब्द का तीन बार उच्चारण होता है ।

जहाँ ॥ २ ॥ (द्विः) लिखा हो वहाँ दो बार उच्चारण होता है ।

जहाँ ∧ ऐसा चिह्न होता है वहाँ दीर्घ उच्चारण होता है ।

जहाँ ३ इ ऐसा चिह्न होता है वहाँ इ का उच्चारण 'ऐ' हो जाता है । जो अक्षर अङ्क रहित होते हैं उनका उच्चारण द्रुत गति से होता है ।

इस प्रकार साम गान करने वाले और श्रद्धापूर्वक सुनने वाले स्वर्गलोक को अनन्तकाल के लिये प्राप्त करते हैं । यह साम गान विधिपूर्वक किया हुआ अपने स्वरों के द्वारा सबको तृप्त करता है । अत एव मनुष्य का परम कर्त्तव्य है कि वेद का अध्ययन आजीवन करे । वेद के अभ्यास से मनुष्य को पूर्व जन्म की स्मृति होने लगती है और इस पूर्व जन्म की स्मृति से वेदाभ्यास में पुनः प्रवृत्ति हो जाती है । इसी प्रवृत्ति द्वारा मनुष्य को परम गति प्राप्त होती है । अतः हम सभी को इस आदर्श को आगे रख कर चलना चाहिये ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सामवेद के मन्त्र यज्ञ के उद्गाता गायन करते हैं। छान्दोग्य उपनिषद् (१।१।२) में लिखा है 'ऋचः साम रसः' यानी ऋचाओं का रस साम है। साम के बिना ऋचायें नीरस हैं। साम गायन से ऋचाओं में रस आ जाता है।

कहा जाता है कि सामवेद की एक हजार शाखायें थीं। पातञ्जल महाभाष्य में लिखा है कि 'सहस्रवर्त्मा सामवेदः' अर्थात् सामवेद की एक हजार शाखायें हैं। इनमें सब शाखायें लुप्त होकर १६ शाखायें बची थीं लेकिन आज कल तो तीन ही कौथुम, राणायनीय और जैमिनीय उपलब्ध हैं। कौथुम शाखा का प्रचार गुजरात में, राणायनीय शाखा का प्रचार महाराष्ट्र में और जैमिनीय शाखा का प्रचार कर्नाटक में पाया जाता है। कौथुमी और राणायनीय शाखाओं के ब्राह्मण ग्रन्थ ८ हैं (१) ताण्ड्यब्राह्मण, (२) षड्विंश ब्राह्मण (३) मन्त्र ब्राह्मण, (४) साम विधान ब्राह्मण, (५) दैवत ब्राह्मण, (६) आर्षेय ब्राह्मण, (७) संहितोपनिषद् ब्राह्मण, (८) वंश ब्राह्मण। जैमिनीय शाखा का जैमिनीय ब्राह्मण।

साम वेद के दो उपनिषद् हैं (१) छान्दोग्य उपनिषद्, (२) केन उपनिषद्।

सामवेद के ७ श्रौत सूत्र ग्रन्थ हैं।

(१) माशक श्रौतसूत्र (२) लाट्यायन श्रौतसूत्र (द्रौह्यायण श्रौतसूत्र (४) अनुपद श्रौतसूत्र (५) कुसुम श्रौतसूत्र (६) निदान सूत्र (७) जैमिनि श्रौतसूत्र।

सामवेद के गृह्यसूत्र ४ हैं—

(१) गोभिल गृह्य सूत्र (२) खादिर गृह्य सूत्र (३) पितृमेघ गृह्य सूत्र (४) जैमिनि गृह्य सूत्र।

सामवेद मन्त्र-संख्या में सब से छोटा होते हुए भी ईश्वर की उपासना की दृष्टि से सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। सामवेद पर संस्कृत में सायण, माधव व भरत स्वामी आदि के भाष्य हैं। सामवेद के हिन्दी में स्वामी तुलसी राम, श्री जयदेव शर्मा, श्री वीरेन्द्र शास्त्री व पं० हरिश्चन्द्र

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जी आदि के भाष्य हैं। अंग्रेजी में Prof. Benfey and Dr. Griffith आदि के भाष्य हैं।

सामवेद की कौथुमी शाखा के ग्रामे गेय व आरण्यक गान, स्वाध्याय मण्डल, सतारा से श्री सातवलेकर जी ने छपवाये हैं जिनको श्री नारायण स्वामी दीक्षित जी सामवेदी, मैसूर ने संग्रह किया है।

सामवेदीय रुद्री के ग्रन्थ काशी के कई छापाखानों से छपे हैं लेकिन किसी रुद्री में संहिता के मन्त्र नहीं हैं। इस पुस्तक में संहिता मन्त्र, मन्त्र का हिन्दी भाष्य और अंग्रेजी भाष्य व मन्त्र का गायन एक ही स्थान पर संग्रह करने की चेष्टा की गई है। वेद की ऋचाओं के संस्कृत विद्वानों ने कई कई अर्थ किये हैं, लेकिन इस पुस्तक में ईश्वरोपासना को मूल मानते हुए सीधा अर्थ संग्रह करने का प्रयास किया गया है। अंग्रेजी भाष्य Dr. Griffith के भाष्य का ही संग्रह है। जिन मन्त्रों का अंग्रेजी भाष्य नहीं था, उनका भी भावार्थ अंग्रेजी में दे दिया गया है।

विजयदशमी, २०१७ वि०
लक्ष्मणपुरी (उ० प्र०)

यमुनाप्रसाद त्रिपाठी बी. ए.
आई. पी. एस.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

गोभिलोक्त 'महारुद्रपरिशिष्ट' ग्रन्थाधारेण

रुद्रस्वाहाकारः

१ ॐ अध्वराणां राज्ञे नमः स्वाहा।
२ ॐ रुद्राय नमः स्वाहा।
३ ॐ होत्रे नमः स्वाहा।
४ ॐ सत्ययजाय नमः स्वाहा।
५ ॐ अग्नये नमः स्वाहा।
६ ॐ हिरण्यरूपाय नमः स्वाहा।
७ ॐ पुरुहूताय नमः स्वाहा।
८ ॐ सत्वने नमः स्वाहा।
९ ॐ गवे नमः स्वाहा।
१० ॐ शाकिने नमः स्वाहा।
११ ॐ पुरुष्टुताय नमः स्वाहा।
१२ ॐ सत्वाय नमः स्वाहा।
१३ ॐ गोरूपाय नमः स्वाहा।
१४ ॐ शक्तिरूपिणे नमः स्वाहा।
१५ ॐ पुरुहूतनाम्ने नमः स्वाहा।
१६ ॐ सत्त्वरूपाय नमः स्वाहा।
१७ ॐ गोदेवाय नमः स्वाहा।
१८ ॐ शक्तिनाम्ने नमः स्वाहा।
१९ ॐ पुरन्दराय नमः स्वाहा।
२० ॐ सत्वननाम्ने नमः स्वाहा।
२१ ॐ गोनाम्ने नमः स्वाहा।
२२ ॐ शाकिनदेवाय नमः स्वाहा।
२३ ॐ आज्यदोहाय नमः स्वाहा।
२४ ॐ चिदोहाय नमः स्वाहा।
२५ ॐ चयोहाय नमः स्वाहा।
२६ ॐ ज्ञताय नमः स्वाहा।
२७ ॐ अधिपतये नमः स्वाहा।
२८ ॐ मित्रपतये नमः स्वाहा।
२९ ॐ क्षत्रपतये नमः स्वाहा।
३० ॐ स्वःपतये नमः स्वाहा।
३१ ॐ धनपतये नमः स्वाहा।
३२ ॐ वृत्रघ्ने नमः स्वाहा।
३३ ॐ स्वराजे नमः स्वाहा।
३४ ॐ मघोने नमः स्वाहा।
३५ ॐ वृषाय नमः स्वाहा।
३६ ॐ त्वष्ट्रे नमः स्वाहा।
३७ ॐ शचीपतये नमः स्वाहा।
३८ ॐ गयाय नमः स्वाहा।
३९ ॐ स्रृणिकाय नमः स्वाहा।
४० ॐ विश्वस्मै नमः स्वाहा।
४१ ॐ अभवाय नमः स्वाहा।
४२ ॐ विश्वप्रजारूपिणे नमः स्वाहा।
४३ ॐ अपवथानाय नमः स्वाहा।
४४ ॐ अर्घाय नमः स्वाहा।
४५ ॐ सोर्घाय नमः स्वाहा।
४६ ॐ सोमपाय नमः स्वाहा।
४७ ॐ परमेष्ठिने नमः स्वाहा।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

४८ ॐ दिविषद्भ्यो नमः स्वाहा।
४९ ॐ अन्तरिक्षसद्भ्यो नमः स्वाहा।
५० ॐ पृथिवीषद्भ्यो नमः स्वाहा।
५१ ॐ अप्सुषद्भ्यो नमः स्वाहा।
५२ ॐ दिक्षुसद्भ्यो नमः स्वाहा।
५३ ॐ आशासद्भ्यो नमः स्वाहा।
५४ ॐ धन्वद्भ्यो नमः स्वाहा।
५५ ॐ भुवनाधिपतये नमः स्वाहा।
५६ ॐ ब्रह्माधिपतये नमः स्वाहा।
५७ ॐ क्षत्राधिपतये नमः स्वाहा।
५८ ॐ स्वर्गाधिपतये नमः स्वाहा।
५९ ॐ स्वःपतिरुद्ररूपाय नमः स्वाहा।
६० ॐ उत्ततिभ्यो नमः स्वाहा।
६१ ॐ उत्तन्वानेभ्यो नमः स्वाहा।
६२ ॐ निषङ्गिभ्यो नमः स्वाहा।
६३ ॐ उपवीतिभ्यो नमः स्वाहा।
६४ ॐ अस्यद्भ्यो नमः स्वाहा।
६५ ॐ प्रतिदधानेभ्यो नमः स्वाहा।
६६ ॐ प्रविध्यद्भ्यो नमः स्वाहा।
६७ ॐ प्रव्याधिनेभ्यो नमः स्वाहा।
६८ ॐ त्सरद्भ्यो नमः स्वाहा।
६९ ॐ त्सारिभ्यो नमः स्वाहा।
७० ॐ श्रितेभ्यो नमः स्वाहा।
७१ ॐ श्रायिभ्यो नमः स्वाहा।
७२ ॐ तिष्ठद्भ्यो नमः स्वाहा।
७३ ॐ उपतिष्ठद्भ्यो नमः स्वाहा।
७४ ॐ यते नमः स्वाहा।
७५ ॐ वियते नमः स्वाहा।
७६ ॐ पथे नमः स्वाहा।
७७ ॐ विपथाय नमः स्वाहा।
७८ ॐ विश्वाधिपतिरुद्राय नमः स्वाहा।
७९ ॐ ब्रह्माधिपतये नमः स्वाहा।
८० ॐ राजन्याधिपतये नमः स्वाहा।
८१ ॐ स्वर्गरूपाय नमः स्वाहा।
८२ ॐ धनेश्वराय नमः स्वाहा।
८३ ॐ अन्नादाय नमः स्वाहा।
८४ ॐ अन्नपतये नमः स्वाहा।
८५ ॐ एकाक्षराय नमः स्वाहा।
८६ ॐ अवपन्नादाय नमः स्वाहा।
८७ ॐ रुद्राय नमः स्वाहा।
८८ ॐ तीरसदे नमः स्वाहा।
८९ ॐ स्थिराय नमः स्वाहा।
९० ॐ स्थिरधन्वने नमः स्वाहा।
९१ ॐ प्रतिपदाय नमः स्वाहा।
९२ ॐ पटरिणे नमः स्वाहा।
९३ ॐ त्र्यम्बकाय नमः स्वाहा।
९४ ॐ कपर्दिने नमः स्वाहा।
९५ ॐ आश्रायेभ्यो नमः स्वाहा।
९६ ॐ प्रत्याश्रायेभ्यो नमः स्वाहा।
९७ ॐ क्रव्येभ्यो नमः स्वाहा।
९८ ॐ विरिम्फेभ्यो नमः स्वाहा।
९९ ॐ संवृते नमः स्वाहा।
१०० ॐ विवृते नमः स्वाहा।
(शतधा वि० पक्षे० स्वा० कारः)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

गोभिलोक्त महारुद्रपद्धतौ एतानि नामानि उक्तानि ।

तत्रैव उक्तम्—

आवोराजादिभिर्मन्त्रैरथवा रुद्रनामभिः ।
तिलाज्येन (यवाज्येन) व्रीहियवैर्हव्येन येन केन च ॥
यथासंभवमेकेन द्वाभ्यां बहुभिरेव वा ।
इज्यते रुद्रइष्टेन पत्रपुष्पफलेन च ॥
यद् यदिष्टतमं लोके यच्चापि प्रियमात्मनः ।
तत्तद् रुद्राय होतव्यं सर्वं त्रिमधुसंयुतम् ॥
इत्येवं रुद्र इष्ट्वाथ रुद्राणां शक्तिरिज्यते ।
सिताज्यमधुयुक्तेन पायसेन तिलादिना ॥

इत्यादि तत्रैव द्रष्टव्यम् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रुद्रपीठ

१००	९०	८०	७०	६०	५०	४०	३०	२०	१०
९९	८९	७९	६९	५९	४९	३९	२९	१९	९
९८	८८	७८	६८	५८	४८	३८	२८	१८	८
९७	८७	७७	६७	५७	४७	३७	२७	१७	७
९६	८६	७६	६६	५६	४६	३६	२६	१६	६
९५	८५	७५	६५	५५	४५	३५	२५	१५	५
९४	८४	७४	६४	५४	४४	३४	२४	१४	४
९३	८३	७३	६३	५३	४३	३३	२३	१३	३
९२	८२	७२	६२	५२	४२	३२	२२	१२	२
९१	८१	७१	६१	५१	४१	३१	२१	११	१

अतः परं प्रवक्ष्यामि रुद्रस्थापनपूजनम्।
सुगुप्ते पुण्यदेशे च ईशाने मण्डपस्य च ॥ १ ॥
रुद्रैकशतरूपाणां वेद्यां वै स्थापनं बुधैः।
केचिदिच्छन्त्यति रुद्रे केचिदिच्छन्ति वै द्वयोः ॥ २ ॥
रेखा एकादश कार्याः पूर्वउत्तरदिग्गताः।
कोष्ठानां शतसम्पत्तिर्जायते रुद्रपीठके ॥ ३ ॥
रुद्रस्य शतनामानि वक्ष्येऽहं कर्मभेदतः।
अध्वराणां च राजानं रुद्रं होतारमेव च ॥ ४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सत्ययजं तथाग्निं च हिरण्यरूपमेव च।
पुरुहूतं च वै तत्र सत्वनं गां च शाकिनम् ॥ ५ ॥
पुरुष्टुतं च सत्वं च गोरूपं शक्तिरूपिणम्।
पुरुहूतनामानं च सत्वरूपं च वै तथा ॥ ६ ॥
गोदेवं शकिनामानं पुरन्दरमथापि च।
तथा सत्वननामानं गोनामानमथापरम् ॥ ७ ॥
शाकिनदेवं तत्रैव स्थापयेन्नाम भेदतः।
तद्वो वर्गे रुद्रनाम्नां तथा देवव्रतेषु च ॥ ८ ॥
आज्यदोहं चिदोहं च च्योहं चैव तथाज्ञतम्।
अधिपतिं मित्रपतिं क्षत्रपतिं च स्वःपतिम् ॥ ९ ॥
धनपतिं च नामानं परयो नामभेदतः।
वृत्रहणं स्वराडं च मघवानं च वै वृषम् ॥ १० ॥
त्वष्टारं च शचीपतिं गयस्तृणिकमेव च।
विश्वं वै वाभवं विश्वाप्रजारूपिणमेव वा ॥ ११ ॥
अपवथानमर्द्धभाक् सोमपं परमेष्ठिनम्।
दिविषदोन्तरिक्षसदः पृथिवीषद एव च ॥ १२ ॥
अप्सुषदो दिक्षुसद आशासदश्च धन्वनः।
भुवनाधिपतिं चैव ब्रह्माधिपतिमेव च ॥ १३ ॥
क्षत्राधिपतिरुद्रं च स्वर्गाधिपतिमेव च।
स्वःपतिरुद्ररूपं च स्थापनं नामभेदतः ॥ १४ ॥
उत्तति न उत्तन्वानान् निषङ्गिणोपवीतिनः।
अस्यदः प्रतिदधानान् प्रविध्यदः शिवात्मकान् ॥ १५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रन्याधिनः त्सरदश्च त्सारिणश्च श्रितावपि।
श्रायिणस्तिष्ठदश्चैव उपतिष्ठद् एव च॥ १६॥
यतं च वियतं चैव पन्थानं विपथं तथा।
विश्वाधिपतिरुद्रं च ब्रह्मणोऽधिपतिं तथा॥ १७॥
राजन्याधिपतिं चैव स्वर्गरूपं धनेश्वरम्।
अन्नादं चान्नपतिं च एकाक्षरं परं स्मृतम्॥ १८॥
अवपन्नादं च रुद्रं च तिरसदं तथा स्थिरम्।
स्थिरधन्वानं प्रतिरथं पटरिणं च त्र्यम्बकम्॥ १९॥
कपर्दिनं तथा श्रायात्प्रत्याश्रायांस्तथैव च।
क्रव्यांश्चैव, विरिंफांश्च संवृतं विवृतं तथा॥ २०॥

(महारुद्रपरि० ६ प्रपाठके—१-२०)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सामवेद-स्वरूप

समुद्रवारिजातसन्निभितुल्यवक्त्रपुष्करान् ।
सरत्नशातकुम्भसत्पदस्थितान् मनोहरान् ॥
धृताक्षमाल्यकम्बुदक्षवामहस्तपङ्कजान् ।
सुकृष्णपङ्करुट्प्रभान् नमामि सामवेदकान् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अथ

सामवेदीयरुद्रजपविधिः

अथ सामवेदसाङ्गरुद्राध्यायजपः

इसके उपरान्त सामवेद रुद्राध्याय का जप कहा जाता है।

अविरलमदजलनिवहं भ्रमरकुलानीकसेवितकपोलम्।
अभिमतफलदातारं कामेशं गणपतिं वन्दे ॥ १ ॥

जिनके कपोलों पर बहुत से भौंरे गुंजार कर रहे हैं और जिनके मस्तक से निरन्तर मदजल की धारा बहती रहती है ऐसे कामनाओं के स्वामी तथा इच्छित फल के देने वाले, श्री गणेश जी की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १ ॥

सम्पूजकानां परिपालकानां जितेन्द्रियाणाञ्च तपोधनानाम्।
देशे च राष्ट्रे च कुले च राज्ञां करोतु शान्तिं भगवान् महेशः ॥ २ ॥

भगवान् शंकर पूजा करने वाले, पालन करने वाले, जितेन्द्रिय तथा तपस्वी राजाओं के देश, राष्ट्र तथा कुल को शान्ति प्रदान करें ॥ २ ॥

तत्रादौ संकल्पपूर्वकाङ्गन्यासादिपूजाविधिः।

अब इसके पश्चात् संकल्पपूर्वक अङ्गन्यास इत्यादि पूजा की विधि कही जाती है।

तत्रानध्यायेष्वपि सांगस्य रुद्राध्यायस्य जपो भवति इतरे रुद्रीजपादयश्चत्वारो न भवन्ति।

उसमें अनध्याय होने पर भी साङ्ग रुद्राध्याय का जप होता है, इससे भिन्न रुद्री-जपादि चार नहीं होते हैं।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रक्षालितहस्तपादो बद्धशिखो यज्ञियदार्वासने कुशोत्तरे प्राङ्मुख उपविश्याचम्य अङ्गानि संस्पृश्य प्राणायामं कुर्यात् ।

इसके पश्चात् यजमान हाथ-पैर धोकर यज्ञ करने योग्य काठ की चौकी पर कुशासन पर पूर्व की तरफ़ मुँह करके बैठकर आचमन कर, शिखा को बाँधकर तथा इन्द्रियों को स्पर्श कर प्राणायाम करे ।

ततः गुरुभ्यो नमः । गणपतये नमः । श्रीसदाशिवाय नमः ।

इसके पश्चात् 'गुरुभ्यो नमः' 'गणपतये नमः' तथा 'सदाशिवाय नमः' का उच्चारण करते हुए गुरु, गणपति तथा सदाशिव को नमस्कार करे ।

इति नमस्कृत्य ताम्रपात्रे जलपुष्पाक्षतानि कृत्वा तत्पात्रं हस्तेनादाय अत्राद्य मासे पक्षे तिथौ वासर इति उच्चार्य श्रीशिवप्रीतये नित्यविधिरूपं श्रीमहादेवस्य पूजापूर्वकं साङ्गरुद्राध्यायस्य जपमहं करिष्ये । रुद्राभिषेकं वा । इति संकल्प्य—ॐ नमो भगवते रुद्राय । इति मन्त्रेण स्वात्मानं रुद्ररूपं भावयेत् ।

इस प्रकार यजमान नमस्कार करने के बाद ताँबे के वर्त्तन में जल, पुष्प तथा अक्षत को रखकर और उसके सहित उस बर्त्तन को हाथ में लेकर उस दिन, पक्ष, तिथि तथा महीने का नाम लेकर श्री महादेव जी की पूजा करने के बाद 'मैं शिव-प्रीत्यर्थ नित्यविधिस्वरूप साङ्ग (अङ्गोंसहित) रुद्राध्याय का जप अथवा रुद्राभिषेक करता हूँ' ऐसा संकल्प करे । तत्पश्चात् 'ॐ नमो भगवते रुद्राय' इस मन्त्र से अपनी आत्मा को रुद्ररूप में भावित करे; जैसा कि शास्त्र-वाक्य है कि 'देवो भूत्वा देवं यजेत्' अर्थात् तद्रूप होकर उसकी उपासना या पूजा करे ।

ततोऽङ्गषडङ्गन्यासान् कुर्यात् । ते यथा—

तदनन्तर अङ्गभूत छै अङ्गों का न्यास करे । वे इस प्रकार हैं—

औंकारस्य ब्रह्मा ऋषिः दैवी गायत्री छन्दः परमात्मा देवता शिखायां न्यासे विनियोगः ॥ ॐ ॥

प्रस्तुत मन्त्र में शिखा के न्यास का विनियोग है, क्योंकि प्रत्येक मन्त्र का विनियोग, ऋषि, छन्द तथा देवता होता है । नीचे लिखे हुए मन्त्र का

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ब्रह्मा ऋषि, दैवी और गायत्री छन्द तथा परमात्मा देवता है अतः इसे शिखा के न्यास का विनियोग मन्त्र समझना चाहिये।

व्याहृतीनां विश्वामित्रजमदग्निभरद्वाजऋषयो गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांस्यग्निवायुसूर्या देवताः। तत्सवितुरिति विश्वामित्रऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता। हिङ्कारस्य वसिष्ठ ऋषिः, दैवी गायत्री च्छन्दः, प्रजापतिर्देवता। शिरसि न्यासे विनियोगः।

यह शिर के न्यास का विनियोग मन्त्र है।

२उ ३कं २र १ २ ३ १ २र ३ १ २ ३ १ २

ॐ भूर्भुवः स्वः॥ तत्सवितु र्वरेण्यं भर्ग्गो देवस्य धीमहि।

२ ३ १ २ ३ १ २

धियो यो नः प्रचोदयात्॥ १४६२॥

१ २ २ २ २

ॐ तत्सवितुर्वरेणियोम्। भार्गोदेवस्य धीमाही २।

२ १र र २ १ १ २

धियोयोनः प्रचो १ २ १ २। हुम्। आ २। दायो। आ

२ १ १

३ ४ ५॥ १॥

पद पाठः

२ ३ २ १२र १ २ ३ १ २ ३

तत्। सवितुः। वरेण्यम्। भर्गः। देवस्य। धीमहि।

१ २र ३ १ २ ३ १ २

धियः। यः। नः। प्रचोदयात्। प्र। चोदयात्॥ १४६२॥

जो पापों का नाश करता है और हमारी बुद्धि को शुद्ध करता है उसी भर्ग का हम ध्यान करते हैं।

May we attain that excellent glory of Savitar, the God: So may he Stimulate our prayers.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नमस्त इति अग्निर्ऋषिर्गायत्री छन्दोऽग्निर्देवता ललाटन्यासे विनियोगः।

यह मस्तक के न्यास का विनियोग मन्त्र है।

४ ५ र ४ ५ ५ २ १ ३
ॐ नमस्तौ। होग्नाइ। ओजसा ३ इ। गृणा २ न्ता
५ १ ७ १ २ १ ३
२ ३ ४ इदे। वाकृष्टया २:। अमाये ३:। आ २ मा
५र र २ ३ १ १ १ १
२ ३ ४ औहोवा। त्रमर्दया २ ३ ४ ५॥ २॥

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
नमस्ते अग्न ओजसे गृणन्ति देव कृष्टयः।
१ २३ १ २
अमैर मित्र मर्दय॥ ११॥

१ २र ३ १ २र ३ १ २ ३ १ २
नमः। ते। अग्ने। ओजसे। गृणन्ति। देव। कृष्टयः।
२र ३ १ २ ३ १ २र ३
अमैः। अमित्रम्। अ। मित्रम्। अर्दय॥ ११॥

हे अग्ने! हे देव! मनुष्य-गण आपको बल के लिये नमस्कार करते हैं। आप बल से शत्रु को पीड़ित करें। (हे प्रकाशमय परमात्मन्! नमस्ते। मनुष्य अधिक बल पाने के लिए आप की स्तुति करते हैं। आप अपने बल तथा प्रभाव से बाहर और भीतर के शत्रुओं—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, अहंकार आदि—को नष्ट कीजिये।)

O Agni., God, the people sing reverent praise to thee for strength:

with terrors trouble thou the foe!

रौरवयौधाजयोः साम्नो रुरुयुधाजिनौ ऋषी बृहती छन्दः सोमो देवता नेत्रयोर्न्यासे विनियोगः।

यह नेत्र के न्यास का विनियोग मन्त्र है।

२ र र १ ५ १ र
ॐ पुनानः सोमा ३ धारा २ ३ ४ या। आपोव-

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

र र र र र ३ २ १ २
सानोअर्षस्यारत्नधायोनिमृतस्यसा २ इदसाइ । ओहा
२ १ र र र २ १ २ २
३ उवा । उत्सोदेवोहिरा २ ३ हाइ । ओहा ३ उवा ।
२ १ २ ४ ५ ४ ५ ३ २
ण्यया । औ ३ होवा । हो ५ इ । डा ॥ ३ ॥ ॐ पुना
२ ४र ५ २ ३ ५ १ २
३ १ । ना ३ः सो । म । धारा २ ३ ४ या । आपो ३ ।
१ ३ २ ३ ५ २र १ २ १
वसा २ । नआ ३ ४ ५ । षा २ ३ ४ सो । आरात्नधाः ।
२र १ ३ २ ३ ५
यो । निमृता २ । स्यसा ३ ४ ५ इ । दा २ ३ ४ सी ।
२ १ ३ २ ३
उत्सा २ः । दाइवो २ । हिरा ३ ४ ५ । ण्या २ ३ ४
५
याः ॥ ४ ॥

३ १ २ ३ १ २ ३ १ २र
पु ना नः सोम धारयापो वसानो अर्षसि ।
१ २ ३ १ २ र ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
आ रत्नधा योनि मृतस्यसीदस्युत्सो देवो हिरण्ययः॥५११॥

३ २ ३ १ २र ३ २ १ २र ३ २
पुनानः । सोम । धारया । अपः । वसानः । अर्षसि । आ ।
३ १ २ ३ २ १ २र ३ १ २ ३ १ २र
रत्नधाः । रत्न । धाः । योनिम् । ऋतस्य । सीदसि ॥ उत्सः । उत् ।
३ २ ३ १ २
सः । देवः । हिरण्ययः ॥ ५११ ॥

हे उपासक ! भक्ति से पवित्र होता हुआ तू कर्मों को करते हुए विराजमान

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हो। रत्नों तथा श्रेष्ठ वस्तुओं को धारण करने वाला होकर ज्ञान के मूल कारण प्रभु को प्राप्त कर तथा देव बन कर सुख के साथ स्थित हो।

Cleansing thee, Soma, in thy stream, thou flowest in a watery robe.

Giver of wealth, sittest in the paee of Law, O God, a Fountain-made of Gold, 695.

प्राणापानयोः साम्नोर्वशिष्ठऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दः इन्द्रो देवता नासिकयोर्न्यासे विनियोगः।

यह नासिका के न्यास का विनियोग मन्त्र है।

२र १र १र २ १ २
ॐ हाउ। ३। आयुः। ३। सात्यं। ३। इन्द्रन्नरो। ने
१ २र ३ ४ ५ २ १र २ १ २ ३
३ मधि। ताहवन्ताइ। यत्पारियाः। यूनज। ताइधि-
४ ५ २र १र २ १ २ ३ ४र ५ २र १र
यस्ताः। शूरोन्नृषा। ता ३ अव। सश्वकामाइ। आगो-
२१र २र ३ ४ ५ २र १र
मताइ। व्रजेभ। जातुवन्नाः। हाउ। ३। आयुः। ३।
१र ३ २ ५र र ३ १ १ १ १
सात्यं। २। सत्या ३ ४। औहोवा। इ २ ३ ४ ५॥५॥
२र १र र २ र १ २ १
ॐ हाउ। ३। आनोहिय। ३। मनदोहं। ३। इंद्रन्नरो।
२ १ २र ३ ४ ५ २ १र २ १ २ ३
ने ३ मधि। ताहवन्ताइ। यत्पारियाः। यूनज। ताइधि-
४ ५ २र १र २ १ २ ३ ४र ५ २र १र
यस्ताः। शूरोन्नृषा। ता ३ अव। सश्वकामाइ। आगो-
२ १र २र ३ ४ ५ २र १र र २
मताइ। व्रजेभ। जातुवन्नाः। हाउ। ३। आनोहिय

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

२ १ १ ३र २ ५र र
। ३ । मनदोहं । २ । मना २ ३ । दोहा ३ ४ । औहोवा ।
३ १ १ १ १
इ २ ३ ४ ५ ॥ ६ ॥

३ १ २ ३ १ २ ३ १ २र ३ १ २ ३ २ ३ २
इन्द्रं नरो नेमधिता हवन्ते यत्पार्या युनजते धियस्ताः ।
३ १ २ ३ १ २ ३ २ ३ १ २र ३ १ २ ३ १ २
शूरो नृषाता श्रवसश्च काम आ गोमति व्रजे भजा त्वं नः ॥
१ २र १ २र ३ १ २ ३ २ ३ २ १ २र
इन्द्रम् । नरः । नेमधिता । नेम । धिता । हवन्ते । यत् । पार्याः ।
३ १ २ १ २र १ २र १ २र ३ १ २र ३
युनजते । धियः । ताः । शूरः । नृषाता । नृ । साता । श्रवसः । च ।
१ २र १ २र ३ २ ३ २ ३
कामे । आ । गोमति । व्रजे । भज । त्वम् । नः ॥ ३१८ ॥

यज्ञ तथा युद्ध के प्रारम्भ में लोग इन्द्र का आवाहन करते हैं और प्रार्थना करते हैं । वही इन्द्र हमको अन्न, बल और यश (गौओं) की प्राप्ति करावे ।

Men call on Indra in the armed encounter that he may make the hymns they sing decisive.

Hero in combat and in love of glory, give us a protion of the stall of cattle.

बृहद्रथन्तरयोः साम्नोर्भरद्वाजवशिष्ठौ ऋषी बृहती छन्द इन्द्रो देवता कर्णयोर्न्यासे विनियोगः ।

यह कान के न्यास का विनियोग मन्त्र है ।

२र र र र २ २र १र र
ॐ औहोयित्वामिद्धिहवामहा ३ ए । सातौवाजा ।
१ २ ३ ५ १ २ ३र ४र ५ २ १
स्याकारा २ ३ ४ वाः । तुवा ३ ४ । औहोवा । वृत्रायिषु-
१ २ १ २ ३ ५ १र र २
वाइ । द्रासा ३ १ त् । पतिंन्ना २ ३ ४ राः । त्वाङ्काष्ठा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

३र ४र ५ १ १ ५
३ ४ । औहोवा । सू २ अर्वा २ ३ ४ । ताः । उहुवा ६
५ १
हाउ । वा । हस् ॥ ७ ॥

१र २र ३ १ २र ३ १ २
त्वामिद्धि हवामहे सातौ वाजस्य कारवः ।
२ ३ १ २ ३ १ २ ३ २ ३ २उ ३ १ २
त्वां वृत्रेष्विन्द्र सत्पतिं नरस्त्वां काष्ठास्वर्वतः ॥ २३४ ॥

२ १ २र ३ २ १ २र ३ १ २ २
त्वाम् । इत् । हि । ह वामहे । सातौ । वाजस्य । कारवः । त्वाम् ।
३ १ २ ३ १ २र २ ३ १ २र १ २र
वृत्रेषु । इन्द्र । सत्पतिम् । सत् । पतिम् । नरः । त्वाम् । काष्ठासु ।
१ २र
अर्वतः ॥ २२४ ॥

हे परमेश्वर ! ज्ञान, बल, धन तथा अन्न की प्राप्ति के लिए हम उपासक आप का ही स्मरण करते हैं। विघ्नों के समय श्रेष्ठ स्वामी तथा सज्जनों के पालक ! आपको मनुष्य स्मरण करते हैं। संग्रामों में अश्वारोही विजय के लिए आपको ही याद करते हैं।

That we may win us wealth and power we poets, verily, Call on thee!

In war men call on thee, rndra, the hero's Lord, in the steed's race-course call on thee.

२ऽ र र र १ १ २र र र
ॐ आभित्वाशूरनोनुमोवा । आदुग्धाइवधेनवई-
र २ २ १ र २ १
शानमस्यजगतः । सुवा २ ३ ईशाम् । आइशानमा २ ३
४ १ र ४र ५ ५
इन्द्रा ३ । तास्थू २ ३ ४ षा । ओवा ६ । हाउवा ।
१
अस् ॥ ८ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
अभित्वा शूर नो नुमोऽदुग्धा इव धेनवः ।
१ २ ३ १ २र ३ २ ३ १ २ ३ १ २
ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्रतस्थुषः ॥ २३३ ॥

३ २ ३ १ २र ३ ३ ३ १ २
अभि । त्वा । शूर । नोनुमः । अदुग्धाः । अ । दुग्धाः । इव । धेनवः ।
१ २र ३ २ १ २र ३ १ २ ३ १ २ १ २र
ईशानम् । अस्य । जगतः । स्वर्दृशम् । स्वः । दृशम् । ईशानम् ।
३ ३ १ २
इन्द्र । तस्थुषः ॥ २२३ ॥

हे इन्द्र ! जैसे बिना दुही गायें अपने प्यारे वत्स को देखकर नम्र बनी हुई रंभाती हैं उसी प्रकार भक्ति से नम्र होकर हम आपको नमस्कार करते हैं । आप इस गतिशील तथा स्थिर दोनों प्रकार के जगत् के स्वामी हैं और सूर्य के समान स्वयं प्रकाशित तथा अन्यों को और सूर्य आदि को प्रकाशित करने वाले हैं ।

Like kine unmilked we call aloud, hero, to thee, and sing thy praise.

Looker on heavenly light, Lord of this moving world, Lord, Indra, of what moveth not !

